टंकारा में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महर्षि दयानन्द द्विजन्मशताब्दी समारोह में सम्मिलित महाराष्ट्र के मुनिजन, सभा के पदाधिकारी एवं आर्य कार्यकर्ता।

दौड प्रतियोगिता में यशस्वी ब्रह्मचारी काशिनाथ को पुरस्कार प्रदान करते हुए सभा के उपप्रधान प्रमोदकुमारजी तिवारी, आर्य समाज परली के प्रधान श्री लोहिया एवं अन्य पदाधिकारी।

सोलापुर आर्य समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गण।

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
मासिक मुखपत्र

वैदिक गर्जना

सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,१२५ कलि संवत् ५१२५ विक्रम संवत् २०८१
दयानन्दाब्द २०० चैत्र/वैशाख अप्रैल/मई २०२४

प्रधान सम्पादक	मार्गदर्शक सम्पादक	सम्पादक
राजेन्द्र दिवे	डॉ.ब्रह्ममुनि	डॉ.नयनकुमार आचार्य
(९८२२३६५२७२)		(९४२०३३०१७८)

सहसम्पादक: प्रा.ओमप्रकाश होलीकर, ज्ञानकुमार आर्य, राजवीर शास्त्री, डॉ.अरुण चव्हाण

लेख/समाचार भेजने हेतु – ई-मेल : nayankumaracharya222@gmail.com

अनुक्रम

हिन्दी विभाग

१) श्रुतिसुगन्ध ०४
२) आर्य समाज के स्वर्णिम १५० वर्ष..! (सम्पादकीयम्)... ०५
३) भारतवर्ष के गौरव – मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम....... ०७
४) आर्य समाज : गौरव और गिरावट १०
५) शोक समाचार १६

मराठी विभाग

१) उपनिषद संदेश/दयानंद वाणी १७
२) महर्षी दयानंद – ऐतिहासिक पुणे प्रवचन! १८
३) त्रिवार जय-जयकार श्रीरामा! २६
४) वार्ताविशेष २९
५) शोकवार्ता ३०

✲ प्रकाशक ✲
मन्त्री, महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा,
सम्पर्क कार्यालय–आर्य समाज,
परली–वैजनाथ–४३१५१५

✲ मुद्रक ✲
वैदिक प्रिन्टर्स
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा
आर्य समाज, परली–वै.

वैदिक गर्जना के शुल्क
वार्षिक रू.१००/-
आजीवन रू.१०००/-

इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से सम्पादक मण्डल सहमत हो, यह अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवादकी परिस्थिति में न्यायक्षेत्र परली–वैजनाथ जि.बीड ही होगा।

श्रुतिसुगन्ध

सब कर्मों का साधक-मन!

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु।
यस्मान्नऽऋते किं चन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु।।

(यजुर्वेद-३४/३)

पदार्थान्वय- हे जगदीश्वर वा परमयोगिन् विद्वन्! आपके जताने से (**यत्**) जो (**प्रज्ञानम्**) विशेषकर ज्ञान का उत्पादक बुद्धिरुप (**उत**) और भी (**चेतः**) स्मृति का साधन (**धृतिः**) धैर्यस्वरुप (**यत् च**) और जो लज्जादि कर्मों का हेतु (**प्रजासु**) मनुष्यों के (**अन्तः**) अन्तःकरण में आत्मा का साथी होने से (**अमृतम्**) नाशरहित(**ज्योतिः**) प्रकाशकरुप (**यस्मात्**) जिससे (**ऋते**) विना (**किम्, चन**) कोई भी (**कर्म**) काम (**न, क्रियते**) नहीं किया जाता। (**तत्**) वह (**मे**) मुझ जीवात्मा का (**मनः**) सब कर्मों का साधनरुप मन (**शिवसंकल्पम्**) कल्याणकारी परमात्मा में इच्छा रखनेवाला (**अस्तु**) हो।

भावार्थ- हे मनुष्यों! जो अन्तःकरण, बुद्धि, चित्त और अहंकाररुप वृत्तिवाला होने से चार प्रकार से भीतर प्रकाश करनेवाला, प्राणियों के सब कर्मों का साधक अविनाशी मन है, उसको न्याय और सत्य आचरण में प्रवृत्त कर पक्षपात, अन्याय और अधर्माचरण से तुम लोग निवृत्त करो।

(म.दयानन्द कृत यजुर्वेद भाष्य से साभार)

।।ओ३म्।।

वैदिक संस्कृति के सम्पोषक, समग्र विश्व के आदर्श,
हर एक मानव के मानसमण्डल पर विराजमान

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

के जन्म दिवस(रामनवमी) पर
सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं..!

आर्य समाज के स्वर्णिम १५० वर्ष

व्यक्ति हो या संस्था...यदि उसका अतीत काल सर्वदृष्टि से समुज्ज्वल हो, तो उसके भविष्य को लेकर किसी प्रकार की चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं ! दुर्भाग्य से संप्रति आर्य समाज में जो कुछ निराशा नजर आ रही है, उसका मूलभूत कारण कोई बाहर नहीं, बल्कि हमारे ही अंदर है । इसे दूर कर यदि हम अपनी शक्ति व सामर्थ्य को पहचान लेंगें, तो निश्चय ही पुन: एक बार आर्य समाज का कायाकल्प होकर वह आनेवाले युग की पुकार बनेगा। ऐसा कौन सा क्षेत्र है, जहां महर्षि दयानंद के शिष्यों एवं आर्य समाज ने क्रांतिकारी कार्य न किया हो? महर्षि का २०० बर्षों का वह प्रेरणादायक स्वर्णिम इतिहास एवं आर्य समाज के १५० बर्षों का ऐतिहासिक कालखण्ड इन दोनों को जब हम अपने सामने रखते हैं, तो निश्चय ही हम निराशा व निरुत्साह के घोर अन्धःकार से बाहर आ सकते हैं। इसके लिए आवश्यकता है, व्यक्तिगत एवं सामाजिक दृष्टि से आत्मपरीक्षण की!

महर्षि दयानन्द यह एक ऐसा क्रांतिकारी महानतम व्यक्तित्व तथा उनके द्वारा संस्थापित आर्य समाज यह विश्व कल्याणकारी महान संगठन! पिता एवं पुत्र की भांति ये दोनों एक के पीछे एक चल रहे हैं। परिस्थितियां चाहे कितनी भी नजर आती हो, लेकिन इन दोनों का सुयश यावच्चन्द्रदिवाकरौ से चिरकाल तक अजरामर रहेगा। महर्षि दयानंद के २०० वी जन्मजयंती का एक स्वर्णिम वर्ष अभी समाप्त हुआ ही नहीं, तभी आर्य समाज के सार्ध शताब्दी महोत्सव की शुरुआत हुई। यह दोनों ही वर्ष हमारे लिए इसलिए ऐतिहासिक सिद्ध होते हैं कि आज के वैज्ञानिक युग में इसकी प्रासंगिकता को सिद्ध करना हमारे लिए आसान होता है। पहले की अपेक्षा आज हमें सब प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। वैदिक धर्म के प्रसार की दृष्टि से हमारे लिए सभी साधन भी विद्यमान है। कठिनता बस केवल इसी में है कि हम अनुयायियों की आचरणात्मक कमजोरी एवं सिद्धान्तपालन की निर्बलता! आज के तकनीकी युग में हम सभी प्रकार के भौतिक परिवर्तनों को आसानी से स्वीकार करने में तत्पर हैं, लेकिन धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक परिवर्तन के लिए हम आर्यजन कदापि तैयार नहीं है। यही

हमारी निर्बलता आर्य समाज की शिथिलता का कारण बन चुकी है। आर्य समाज यह सर्वव्यापी समग्र सुधारवादी संगठन कांग्रेस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, तथा अन्य संगठनों से भी पुराना संगठन है। इससे पूर्व के ब्राह्म समाज, सत्यशोधक समाज, प्रार्थना समाज एवं अन्य तत्कालिन संगठन लुप्तप्राय हो चुके हैं। लेकिन आर्य समाज आज भी जीवित है। विचारों-सिद्धांतों एवं कार्य पद्धति की दृष्टि से भी आर्य समाज सबसे ऊंचा है। इसके सामने ये सभी तो साधारण से प्रतीत होते हैं । बल्कि इसी आर्य समाज के पवित्र सान्निध्य के कारण नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का निर्माण कार्य हुआ इतना ही नहीं, इन संगठनों को आगे बढ़ने में आर्य समाज से ही तो प्रेरणा मिल चुकी है।

एक समय ऐसा था, जब आर्य समाज के विद्वान हो या साधारणसा कार्यकर्ता वह सब पर अपने आचार-विचारों से भारी पडता था। समाज में उसकी एक निराली छाप रहती थी। निरन्तर स्वाध्याय, चिन्तन, सिद्धान्तों का पालन एवं अपनी वेदानुगामिता के कारण आर्य समाजी व्यक्ति की सब जगह प्रतिष्ठा थी,जो आज प्रायः नष्ट हो चुकी है। इसे ही आज हमें जगाना होगा। इसके लिए हमें निम्न बातों पर ध्यान देना होगा -

* आर्य समाज के मूलभूत उद्देश्य 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' के अनुसार हमें अपने साथ अन्य सभी को आर्य बनाना हमारा कर्तव्य है।

* आर्य समाज का अस्तित्व स्वतंत्र होना चाहिए, न कि किसी सांप्रदायिक संगठन या जातिसमूह से इसे जोडना।

* सभी आर्य समाजों एवं प्रांतीय सभाओं को मजबूत किया जाए!

* विद्वानों, उपदेशकों, पुरोहितों, प्रचारकों के निर्माण के लिए प्रयत्न करना। इन सभी की वेदाचारयुक्त पहचान हो।

* आर्य समाज के माध्यम से स्कूल एवं कॉलेज में संस्कार शिविरों व व्याख्यानों का आयोजन होवे।

* प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आधिकारिक प्रचार हो! इसके लिए आर्य पत्रकारों एवं आर्य लेखकों का निर्माण होवे। सभी अखबारों में साप्ताहिक स्तंभ लेखन होने चाहिए। आकाशवाणी व दूरदर्शन माध्यमों का उपयोग किया जाए।

* आर्य समाज यह किसी सांप्रदाय विशेष का नहीं, बल्कि यह तो सभी के लिए है! इसलिए नानाविध संकीर्णताओं व भेदभावपूर्ण व्यवहार से ऊपर उठकर मनुर्भव का वेदसंदेश सबको सुनाने हेतु प्रयत्न होने चाहिए!

भारत वर्ष के गौरव - मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम

- डॉ. सौ. मञ्जुलता व. विद्यार्थी
(पूर्व प्रधान, आर्यसमाज अकोला)

श्रीराम एक ऐतिहासिक महापुरुष हैं। वे हमारे राष्ट्र पुरुष हैं। वे हमारे पूर्वज थे, वे युग-नायक थे। उन्होंने ऋषियों की योजनानुसार अपने समय के तरुण वीरोंको राष्ट्र-कार्य में लगाया, जनता को तैयार किया। जन-जन में बैठे हुए रावण साम्राज्य के भय को दूर करके उन्होंने सांस्कृतिक 'आर्य साम्राज्य' की स्थापना की थी।

ऐसे क्रान्तदर्शी राष्ट्रपुरुष को धर्मांधता की आड़ में, अवतारवाद-चमत्कारवाद के पाटों के बीच पीसा गया और उसकी प्रतिक्रिया स्वरूप- एक ओर तो आज राम और रामायण को काल्पनिक और अनैतिहासिक बताया जा रहा है, तो दूसरी ओर सामन्तशाही का पोषक दुर्दान्त शासक सिद्ध किया जा रहा है। यहाँ तो राम कें अस्तित्व पर भी प्रश्नचिन्ह लग जाता है। जो लोग राम को काल्पनिक मानते हैं, वे तो स्पष्ट ही राम को मानते ही नहीं। पर जो राम को ईश्वर मानते हैं, ईश्वर का अवतार मानते हैं, वे भी राम के अस्तित्व को कहाँ मानते है? संपूर्ण रामचरितमानस यदि अखिल ब्रह्माण्ड पति ईश्वर की लीला मात्र है, तो इसमें जहाँ ईश्वर की 'ईश्वरता' का अपमान है, वहाँ राम के महान कर्तव्य की परिसमाप्ति भी है।

आर्य समाज राम को ऐतिहासिक महापुरुष, आर्य कुलभूषण, आर्य-जाति के महान पूर्वज के रूप में मानता है। आज भी लाखों वर्ष पश्चात् (लगभग ९ लाख वर्ष पूर्व राम का समय है), श्री राम के विमल यश और गौरव का मूल है- उनकी धर्मनिष्ठा व उनका स्वधर्म पालन! राम वैदिक धर्मी थे, वेदोक्त वर्णाश्रम धर्म में उनकी दृढ आस्था थी। वे मर्यादा पुरुषोत्तम थे। वे शौर्य एवं पराक्रमसंपन्न आदर्श क्षत्रिय थे। यहाँ हम राम को- क्षात्र धर्म के पुण्य प्रतीक के रूप में देखेंगें।

राम से पूर्व क्षत्रिय हतप्रभ हो रहे थे। परशुराम ने पितृवध के बदले में अनेकों क्षत्रिय राजाओं को बड़ी क्रूरता

से मार डाला था। रावण ने वानर-राष्ट्र को अपने साथ मिला कर अपने बल को बढ़ा लिया था। दण्डकारण्य और आर्यावर्त में भी अपनी छावनियाँ करके आर्य-राजाओं और देव-राजाओं पर छापे मारना, ऋषियों के यज्ञों का विध्वंस करना तथा अन्य क्रूर कर्म करना आदि राक्षसों के नित्य कर्म बन गये थे। आर्य-राजा इतने भयभीत थे कि जब ऋषियों ने दशरथ के 'अश्वमेध यज्ञ' के समय रावण के प्रतिकार की योजना बनाई, तो उन्होंने उस सभा में भी भाग लेने का साहस नहीं किया। सर्वत्र 'त्राहि-त्राहि' की पुकार मची थी।

ऐसे समय राम ने अद्‌भुत शौर्य पराक्रम से क्षात्र-धर्म के डूबते हुए पोत को बचाया।अपने शिक्षण काल में ही ताड़का और सुबाहू का वध करके और मारीच को अपने बल का परिचय देकर उन्होंने क्षत्रियत्व की गरिमा को बढ़ाया था। धनुष यज्ञ में सफलता प्राप्त करके और उसके पश्चात् विवाह करके लौटते हुए मार्ग में परशुराम का मानमर्दन कर उन्होंने अपने भावी पराक्रमों का मानबिन्दु कायम किया था। अपनी बुद्धिमत्ता, नीतिज्ञता और पराक्रम से, वनवास के अभिशाप को वरदान में बदलकर उन्होंने जीवन जीने की कला सिखाई। दण्डकारण्य में प्रवेश करते ही विराध आदि राक्षसों को मारकर उन्होंने ऋषियों के हृदयों में स्थान प्राप्त कर लिया था। ऋषियों ने उन्हें भरपूर सहयोग दिया। अगस्त्य ऋषि ने उन्हें नवीनतम वैज्ञानिक अस्त्र-शस्त्र दिये, जिनकी सहायता से वे अकेले ही खर-दूषण और उनकी चौदह हजार सेना का ध्वंस करने में समर्थ हो सके।

सीता-हरण के महाशोक के समय में भी वे अपने संतुलन को नहीं खोते। राम की दूरदर्शिता और उद्‌भट राजनीतिमत्ता का परिचय यह सुग्रीव की मित्रता और बालिवध के प्रसंग में मिलता है। विभीषण शरणागति के प्रसंग में राम की राजनीति और क्षत्रतेज दोनों देखें जा सकते हैं। लंका-युद्ध में तो मूर्तिमान काल बनकर वे राक्षस-सेना संहार करते हैं और अन्त में दुर्धुर्ष रावण को मारकर वे क्षत्रिय शिरोमणि के पद को पा लेते हैं। जुल्मों से सहमी धरती माता चैन की सांस लेती है और धर्मराज्य, रामराज्य अथवा सांस्कृतिक आर्य साम्राज्य की शुभ चांदनी सब ओर फैल कर अपूर्व सुख शान्ति का विस्तार करती है। वैदिक धर्म की शीतल छाँह में एकत्रित नर - नारी एक स्वर से राजा रामचन्द्र की जय पुकार उठते हैं।

श्री राम ने लंका विजय करके वहां स्वयं राज्य नहीं किया, किन्तु वहीं के निवासी रावण के भाई विभीषण को राज्य दे दिया । राम ने किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं, वरन् एक सच्चे राष्ट्रपुरुष के रूप में, राष्ट्र गौरव वृद्धि के लिए ही रावण से युद्ध किया था। सीता तो उसमें निमित्त बन गई थी। वे तो 'निशिचरहीन करों महि' की प्रतिज्ञा पहले ही कर चुके थे।

श्री राम भारतीय समाज के प्राण हैं। वे जन-जन में बसे हैं। आदर्श राम-राज्य की कल्पना आज भी की जाती है। युगों-युगों से श्रीराम का समुज्ज्वल चरित्र आर्य-जाति के कीर्तिस्तम्भ और प्रेरणास्रोत के रूप में मार्गदर्शन करता आया है।

जरूरी है कि हम श्रीराम के सही स्वरूप को समझें। हम केवल उनके चित्र की पूजा न करते रहें, उनके चरित्र की पूजा करें। राम एक ऐतिहासिक महापुरुष हैं, आर्य कुलभूषण हैं, हमारे महान पूर्वज हैं। उनके महापुरुषत्व से ही प्रेरणा लेकर हमारा राष्ट्र- व्यक्ति-धर्म, राष्ट्रधर्म,और क्षात्रधर्म की दीक्षा लेकर शक्तिमान हो सकता है।

अन्त में क्षात्रधर्म के परिपोषक, राष्ट्रपुरुष श्रीराम का उदात्त आदर्श, राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त के शब्दों में -

निज हेतु बरसता नहीं व्योम से पानी,
हम हों समष्टि के लिए व्यष्टि बलिदानी।
निज रक्षा का अधिकार रहे जन-जन को,
सबकी सुविधा का भार किन्तु शासन को।
मैं आर्यों का आदर्श बताने आया,
जन सम्मुख धन को तुच्छ बताने आया।
हो जायें अभय वे,
जिन्हें कि भम भासित हैं,
जो राक्षस-कुल से मूक सदृश शासित हैं।
मैं आया जिससे बनी रहे मर्यादा,
बच जाये प्रलय से, मिटे न जीवन सादा।
सन्देश यहाँ, मैं नहीं स्वर्ग का लाया,
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया।

- उन्नत प्रौद्योगिकी रक्षा संस्थान,
गिरिनगर, पुणे-२५
मो.९४२१८३०५६१

-*सभा का व्यापक श्रावणी महोत्सव*-

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्त्वावधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी श्रावणी वेदप्रचार महोत्सव व्यापक स्तर पर मनाया जायेगा। आगामी ४ अगस्त से १ सितम्बर २०२४ इस दौरान राज्य की सभी आर्य समाजों के लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इसके लिए विद्वानों व भजनोपदेशकों को आमन्त्रित किया गया है। सभी आर्य समाजों को कार्यक्रम भेजा जाएगा।

आर्य समाज : गौरव और गिरावट

– रामनिवास गुणग्राहक

'आर्य' कहलानेवालों को आर्य समाज के बारे में कुछ बताने या समझाने की आवश्यकता है या नहीं? यह प्रश्न भी बहुत जटिल है। यदि कहें कि है, तो यह निश्चित रुप से लज्जा की बात है कि जिन्हें आर्य समाज से जुड कर काम करते हुए दस–बीस या अधिक वर्ष हो गये, फिर भी आर्य समाज को नहीं समझ सके, तो यह लज्जाजनक ही कहा जाएगा। यदि कहो कि आवश्यकता नहीं है, तो यह हमारी एक भूल को प्रकट करता है। यदि 'आर्य' कहलानेवाले आर्य समाज का आशय समझते, तो निश्चित रुप से उसके उद्देश्यों के अनुरुप अपना आचार–व्यवहार बनाकर देश और धर्म की सेवा करके स्वामी श्रद्धानन्द, पण्डित लेखक, मुनिवर गुरुदत्त विद्यार्थी आदि आर्यों की भाँति यश के भागी बनते। प्रतीत होता है कि हमारे लिए जिज्ञासुजी ने जो लिखा है, वह अधिक सटीक है –

हमने सुनकर भी न समझा,
महर्षि सन्देश तेरा।
हम समझकर भी पालन
न कर सके आदेश तेरा।।

जो भी हो, उचित यही होगा कि, आर्य समाज की चर्चा कर रहे हैं, तो इसके बारे में सार–संक्षेप में कुछ उपयोगी जानकारी देनी ही चाहिए। 'आर्य' शब्द संस्कृत भाषा की 'ऋ गतौ' धातु से बना है। '**गतेस्त्रयो अर्थाः ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्चेति**' के अनुसार गति के तीन अर्थ होते हैं– ज्ञान, गमन और प्राप्ति! इस प्रकार आर्य में तीन गुण होते हैं – १) वह ज्ञानवान होता है। २) प्राप्तज्ञान के अनुसार ही वह गमन अर्थात् आचरण करता है। ३) तीसरा गुण यह है कि आर्य ज्ञानपूर्वक आरम्भ किये गये किसी कार्य को प्राप्ति अर्थात् सफलता से पहले अधूरा नहीं छोडता!

महर्षि मनु ने वेदों के बारे में – '**सर्वज्ञानमयो हि सः**' लिखकर घोषणा की है कि मानव के जीवन में काम आनेवाली सम्पूर्ण ज्ञान–विज्ञान हमें वेदों से ही प्राप्त होता है। इसीलिए महर्षि दयानन्द सरस्वती – 'वेद का पढना–पढाना और सुनना–सुनाना, सब आर्यों का परमधर्म' की घोषणा करते है। हम कह सकते हैं कि नित्य वेद स्वाध्याय करते हुए वेदविद्या से विभूषित पुरुष,

'सं श्रुतेन गममेहि मा श्रुतेन विराधिषि!' का घोष करता हुआ वेद के अनुसार ही कर्म करने का संकल्प प्रकट करता है। इस संकल्प की पूर्ति के लिए वह जिस काम को हाथ में लेता है, उसे पूर्ण किये बिना नहीं छोडता। वही सच्चे अर्थों में आर्य है और ऐसे आर्यों के संगठन ही 'आर्य समाज' कहते हैं।

आर्य समाज का गौरव :-

किसी समाज, संस्था व संगठन की बात करें, तो उसके संस्थापक की भावनाओं का सम्मान करते हुए संस्थापक के सपनों-उद्देश्यों को पूरा करने में ही उस समाज-संस्था का गौरव है। आर्य समाजियों के लिए सुखद-सौभाग्य तो यह है कि उन्हें एक ऐसे महामानव के पदचिह्नों वर चलने का सुअवसर मिला है, जो मानवता के लिए वर्तमान में सबसे बडा और एक परिपूर्ण आदर्श था, है और युगों तक रहेगा। तप-त्याग और परोपकार के लिए सर्वात्मना समर्पित व्यक्तित्व के धनी महामानव दयानन्द सरस्वती महाभारत के बाद विश्व के एक मात्र ऐसे महामानव हैं, जिनकी कथनी (वाणी) और करनी अर्थात् व्यवहार में जीवन भर तक अन्तर नहीं मिलता। उन्होंने लोक कल्याण के पथ में आनेवाली कठिनाइयों से डरकर पीछे कदम हटाया हो अथवा अपने व्यक्तिगत सुख के लिए कभी कोई प्रयास किया है, ऐसा उनके जीवनवृत्त में कहीं नहीं मिलता। उनके लोककल्याण के लिए किये गये कार्यों को समग्रता से समेटना तो असम्भव जितना कठिन है। पुनरपि मैंने अपनी एक काव्यरचना में ऋषि दयानन्द के कार्यों को कुछ यूँ रेखांकित करने का प्रयास किया है -

व्यक्ति से लेकर विश्वस्तर
और जन्म से लेकर मरने तक।
हर उलझन ऋषि ने सुलझायी,
घर करने से भव तरने तक।

मानवता के मापदण्ड के रुप में गौरवान्वित महर्षि के द्वारा स्थापित 'आर्य समाज' और उससे जुडे हुए हर आर्य के लिए यही सबसे बडा गौरव है कि इनके द्वारा महर्षि के उद्देश्यों की सफल और सार्थकपूर्ति हो। आर्य समाज के छटे नियम में महर्षि लिखते हैं - 'संसार का उपकार करना, इस समाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना।' आर्य समाज के मुख्य उद्देश्य को प्रकट करने के बाद ऋषिवर आर्य पुरुषों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समर्थ बनाने के पावन ध्येय से लिखते हैं - 'प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट न रहना

चाहिए किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए।' सामुहिक और व्यक्तिगत कर्तव्य कर्मों की जो शिक्षा और व्यवस्था ऋषिवर ने हमारे लिए दी है, उसका सनिष्ठ पालन करना निश्चित रुप से सबके लिए गौरव की ही बात है। हमारी सामाजिक सोच और समाज से जुडकर हम अपने और आर्य समाज के गौरव को बढा सकें या बनाये रख सकें, इसके लिए ऋषिवर एक और स्वर्णसूत्र देते हैं - 'सब मनुष्यों को सामाजिक, सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिए और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें।' अगर हम आर्यजन महर्षि के इन मन्तव्यों को व्यवहार के धरातल पर स्वीकार और साकार कर सकें, तो हमारा भी गौरव बढेगा और वही हमारा गौरव आर्य समाज का गौरव बनकर विश्व के आंगन सूर्य जैसा प्रताप और प्रकाश फैला देगा।

महर्षि के सपने :-

महर्षि दयानन्द ने आर्य समाज को लेकर क्या-क्या सपने देखे थे? यह उनके वचनों में देखा जा सकता है। उपदेश मंजरी में लिखा है -'गाँव-गाँव में आर्य समाज की स्थापना करके मूर्तिपूजा आदि अनाचारों को दूर करके एवं ब्रह्मचर्य से तप का सामर्थ्य बढाकर सब वर्णों और आश्रमों के लोगों को चाहिए कि शारीरिक और आत्मिक बलों को बढावें तो सुगमता से शीघ्र लोगों की आँखे खुल जाएंगी और दुर्दशा दूर होकर सुदशा प्राप्त होगी।' क्या इस ऋषि-वचन पर हमें गम्भीरता पूर्वक विचार और सच्चे हृदय से व्यवहार करने के बारे में चिन्तन नहीं करना चाहिए? देखिये, ऋषिवर हमें कैसी प्रबल प्रेरणा कर रहे हैं - 'अपने पूर्वजों की, जिन महाशय आर्यों की हम सन्तान हैं, उनका दृष्टान्त अर्थात् उपदेश न हो। जैसी उनकी कीर्ति और प्रतापरुप मार्तण्ड भूगोल में प्रकाशित हो रहा था, उसका अनुकरण क्यों न करें?' आर्यों! ऋषि इससे अधिक हमें क्या कह सकते थे? और देखिये - 'यह बडे आश्चर्य की बात है कि पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्रमा ... शरीर, औषधि, वनस्पति, खाना, पीना आदि व्यवहार ज्यों के त्यों बने हुए हैं, हम आर्यों का हाल क्यों बदल गया?' आर्यों! ऋषिवर की पीडाजन्य प्रेरणा को हम कब समझेंगे और कब स्वीकार करेंगे?

हे आर्यों! अपने गौरव पर तनिक विचार करो, आर्य समाज के गौरव को बढाओ। ऋषि लिखते हैं - 'सब मनुष्यों के हित और सबके उपकार

में सदा चित्त रखें। परन्तु इससे अधिक जिस देश में अपना जन्म हुआ हो, उसके उपकार में पुरुषार्थ करे और अपने समीपवासी और मातापितादिक कुटुम्ब का नित्य हित करे।' आर्यों! हमारे जीवन-सुधार के लिए ऋषिवर ने क्या कुछ नहीं किया, क्या कुछ नहीं लिखा। इसपर हम चिन्तन करें कि हमने वह कितना समझा, कितना स्वीकार किया? महर्षि ने जो सीख और सन्देश ब्रह्म समाज वालों को दिया था, उसकी आज हम आर्यों को महती आवश्यकता है। उन्होंने लिखा है - 'जो उन्नति चाहो, तो आर्य समाज के साथ मिलकर उसके उद्देश्यानुसार आचरण करना स्वीकार कीजिए, नहीं तो कुछ हाथ न लगेगा। जैसा आर्य समाज आर्यावर्त देश की उन्नति का कारण है, वैसा दूसरा नहीं हो सकता।' क्या हम आर्य कहलानेवालों ने आर्य समाज के उदेश्य के अनुसार आचरण करना स्वीकार किया? नहीं तो क्यों नहीं किया? यह भी सोचों कि कब कर सकेंगें? मैं प्रायः अपने प्रवचनों में कहता रहता हूं कि महर्षि दयानन्द प्रतिपादित सत्य सनातन वैदिक धर्म का व्यावहारिक उदय तो होना तय है। सत्य को दबाने-छिपाने का सामर्थ्य किसी में नहीं है, देखना यह है कि यह सौभाग्य किस पीढी को मिलता है? यह पीढी अपने तप और पुरुषार्थ से अगली पीढी का मार्ग प्रशस्त करती है, तो थोडासा पुण्य मिल ही जाएगा। यदि हम ऐसा नहीं कर सके, तो हमारी गणना ऋषि भक्त आर्यों में कोई क्यों करेगा?

आर्य समाज की गिरावट :-

वर्तमान में आर्य समाज के कार्य और प्रभाव की बात करें, तो इससे सब सज्जनों के हृदय में एक चिन्ता और असन्तोष के भाव उत्पन्न होते हैं। सम्प्रति और संसाधनों की बात करें, तो आर्य समाज उन्नति करता प्रतीत होता है, मगर चिन्ता की बात यह है कि यह अपनी रचनात्मकता खो चुका है। आर्य कहलाने वालों का जीवन आर्य सिद्धान्तों और जीवन मूल्यों पर खरा सिद्ध नहीं हो रहा। समाज व राष्ट्र में व्याप्त दोषों, कुरीतियों और अन्धविश्वासों के विरुद्ध खुलकर बोलनेवाला आर्य समाज जब तक आत्मचिन्तन करके अपने दोषों पर खुले मन-मस्तिष्क से विचार न करेगा, तब तक वह किसी के साथ न्याय नहीं कर सकेगा। 'स्व अज्ञानज्ञानिनो विरलाः।' जैसी उक्तियाँ आज आर्य समाज पर भी चरितार्थ होती दिख रही हैं। मानव के लिए अपने दोषों पर न्यायदृष्टि से देखना सदैव कठिन रहा है,

मगर यह हर मनुष्य के लिए इतना आवश्यक है कि अपने दोषों, दुर्गणों का सुधार किये बिना कोई मनुष्य कभी सच्चा सुख नहीं पा सकता। आर्य कहलाने वालों को भी अपनी कमियों पर चिन्तन-मनन करते रहना चाहिए। आर्य समाजी ऐसा नहीं कर पा रहे, लेखन-प्रवचन में आर्य जनों को व्यवहार सुधारने की प्रेरणा करना किसी को अच्छा नहीं लगता। आर्य समाज को सिद्धान्तजीवी बनाने की मनीषा से जब भले जनों के साथ वार्तालाप होता है, तो कडवा सच यह निकलकर आता है कि आर्य समाज की समस्याएँ क्या हैं, यह तो सब जानते हैं, मगर उनका संसाधन क्या है, इस पर चर्चा करना सबके लिए कठिन है। समाधान किसी के पास है, भी तो केवल वाचिक है, व्यावहारिक नहीं। क्योंकि आर्य समाज के कर्णधार कहे जानेवाले सिद्धान्त की बात सुनने तक को तैयार नहीं। उनको चुनकर पदाधिकारी बनानेवाले भी व्यक्तिगत सम्बन्धों से आगे जाकर समाजहित नहीं देख पा रहें हैं।

आर्य समाज प्रचारजीवी संगठन है, जबकि शेष सभी परम्परा- पोषित पन्थ है। धर्म के नाम पर प्रचलित मत-पन्थ परम्परागत विरासत के रुप में पीढी दर पीढी चलते है, मगर आर्य समाज एक बुद्धिवादी संगठन है, जो तर्कपूर्ण ढंग से सत्य, धर्म और न्याय पर आधारित मानवीय गुणों की बात करता है। सत्य, धर्म की तर्कपूर्ण विवेचना करते हुए मानवीय सद्‌गुणों का प्रचार वही कर सकता है, जिसका स्वयं का जीवन बौद्धिक दृष्टि से तर्कसंगत हो तथा व्यावहारिक दृष्टि से मानवीय सद्‌गुणों से और परिपुष्ट हो। आर्य समाज के प्रचारक प्रारम्भिक युग में ऐसे ही थे, तभी तो आर्य समाज का गौरव शिखर की चोटी पर था। तब एक अंग्रेज विद्वान चार्ल्स एच हेम सेथ ने लिखा था - ''उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक ईसाइयों को छोडकर आर्य समाज ने भारत की सभी धार्मिक संस्थाओं के सार्वजनिक कार्यक्रमों को पूरा करने में उनका नेतृत्व किया।'' इस दृष्टि से आज हम कहाँ खडे है ? यह बताने की आवश्यकता नहीं।

आज आर्य समाजरुपी यंत्र का हर अंग अपनी मर्यादा का पालन नहीं कर रहा। हमारे कर्णधारों का सिद्धान्तजीवी प्रचारक काँटे की तरह चुभते हैं। इसलिए प्रचारकों का 'सततं प्रियवादिनः' कोटि का एक वर्ग खडा हो गया है। जो प्रचारक सुधारक की

भूमिका त्याग देता है, वह केवल परिवार-पोषण मात्र करता है, पुण्य नहीं करता। अन्यों को देखकर आर्य समाज की कुछ सम्पन्न सभाओं व धनीमानी लोगों ने वेद प्रचार रथ तो बनवा लिये, मगर उनपर वेद का विद्वान् रखने का सत्साहस किसी ने नहीं दिखाया, केवल भजनोपदेशकों के बल पर वेदविद्या का प्रचार-प्रसार करने का सपना कोई बुद्धिमान तो देख नहीं सकता। यह गिरावट हो तो है। इन विषयों पर तथा अन्य भी पतनगामी प्रवृत्तियों को बढानेवाली गतिविधियों का ध्यान देकर सुधार किया जाए, तो सुफल संदर्शन भी सर्वथा सुलभ है। हमें तो इस नीति वचन पर विश्वास रखना चाहिए - प्रायः

कन्दुकपातेन उत्पतति आर्यः पतन्नति।
तथा त्वन्नर्ष पतति मृतपिण्ड पतनं यथा।।

अर्थात् आर्य पुरुष का पतन भी गेंद की तरह ही होता है। गेंद जैसे ही नीचे गिरती है, पुनः उसी वेग से उपर को उठ जाती है। अनार्यों का पतन मुत्पिण्ड- मिट्टी के ढेलें जैसा होता है कि वह गिर गया, तो बस गिरा ही पडा रहता है। यह देश आर्यावर्त है, इसके निवासी आर्य हैं। ये मृत्पिण्ड की तरह सदा गिरे पडे नहीं रह सकते। आर्यों! उठो! आलस्य-प्रमाद और अविद्या को त्यागो! गिरावट नहीं, गौरव आपकी प्रतीक्षा में है।

- भरतपुर, राजस्थान
मो.९०७९०३९०८८

विविध स्थानों पर संस्कार शिविरों का आयोजन

छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक उन्नयन हेतु 'मानवता संस्कार एवं आर्यवीर दल शिविरों' का आयोजन किया गया है। साथ ही कन्याओं में आत्मसुरक्षा एवं चरित्र का विकास होकर वे सर्वदृष्टि से सुविकसित होवें, इसलिए 'आर्य कन्या संस्कार शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र सभा एवं स्थानीय आर्य समाजों तथा शैक्षिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में ये शिविर होंगें। कुछ स्थानों पर शिविर यशस्विता के साथ सम्पन्न हुए, तो कुछ स्थानों पर शिविर चल रहे हैं। तो कई जगह शिविरों की तैयारी चल रही है। वांगजेवाडी, सिद्धेश्वर मन्दिर परिसर तथा नांदगाव में शिविर सम्पन्न हुए और उदगीर, सोलापुर, आळंद में शिविरों की तैयारी चल रही है।

शोक समाचार

डॉ.धर्मेन्द्रकुमारजी शास्त्री को पत्नीशोक

आर्यजगत् के प्रसिद्ध विद्वान एवं दिल्ली संस्कृत अकादमी के पूर्व सचिव प्रो.डॉ.धर्मेन्द्रकुमारजी शास्त्री की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिभा शास्त्री का दि.२ अप्रैल २०२४ को असामयिक दुःखद निधन हुआ। उनकी आयु ५६ वर्ष की थी। वे कई दिनों से बिमार चल रही थी। वे अपने पश्चात् पतिदेव, पुत्र, स्नुषा को छोड संसार से विदा हो गयी। आर्य प्रतिनिधि सभा म.प्रदेश, विदर्भ के पूर्व प्रधान श्री जयसिंहजी गायकवाड की वे ज्येष्ठा सुपुत्री थी। श्रीमती प्रतिभाजी के देहावसान से शास्त्री परिवार को गहरा आघात पहुंचा। उनके पार्थिव पर दुसरे दिन प्रातः ११ बजे पूर्ण वैदिक पद्धति से अन्तिम संस्कार किये गये। गुरुकुल गौतम नगर के ब्रह्मचारियों ने यह संस्कारकर्म पूर्ण किया। इस अवसर पर पू.स्वामी प्रणवानन्दजी सरस्वती ने सभी की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किये।

श्रीमती कमलाबाई कच्छवा का निधन

आर्य समाज औराद शहाजानी के प्रधान डॉ.श्री प्रकाशजी कच्छवा की माताजी श्रीमती कमलाबाई जडावसिंह कच्छवा का दि.५ मई २०२४ को दोपहर ३.१५ बजे वृद्धावस्था से दुखद निधन हुआ। वे अपने पश्चात् ३ पुत्र, २ कन्यायें, दामाद, पुत्रवधुयें, पौत्र, प्रपौत्र आदि को छोडकर संसार से विदा हुई। माताजी के पार्थिव पर दूसरे दिन प्रातः ९ बजे पूर्ण वैदिक संस्कार पद्धति से अन्तिम संस्कार किये गये। पं.राजवीरजी शास्त्री के पौरोहित्य में यह संस्कार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र सभा के मन्त्री श्री राजेन्द्रजी दिवे, उपमन्त्री विजयकुमारजी कानडे आदि उपस्थित थे। श्रीमती कमलाबाई स्वा.सै. पत्नी होने के कारण महाराष्ट्र शासन की ओर से तहसीलदार के प्रतिनिधि ने आकर पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पण किये। माताजी पूर्णतया धार्मिक, मिलनसार, गोभक्त, परिवार की निर्मात्री तथा दानप्रदात्री थी। तीसरे दिन पुरोहित पं.सुरेन्द्र गोस्वामी ने शान्तियज्ञ सम्पन्न कराया।

उपरोक्त दिवंगत आत्माओं की सद्गति के लिए प्रार्थना एवं शोकसंवेदनाएं!

॥ओ३म्॥

माझा मराठीची बोलु कवतिके। परि अमृतातेही पैजेसीं जींके।
ऐसी अक्षरेंचि रसिकें। मेळवीन॥ (संत ज्ञानेश्वर)

* मराठी विभाग *

* उपनिषद संदेश *

सत्यमेव जयते !

सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमन्त्यृषयो ह्याप्तकामा यत्र तत्सत्यस्य परमं निधानम्॥

(मुण्डकोपनिषद-६/४१)

अर्थ - सत्याचाच विजय होतो. असत्याचा कदापि नव्हे. सत्यानेच मोक्ष प्राप्तीचा मार्ग सर्वत्र पसरला आहे. जेथे त्या सत्य स्वरुपाचा परमश्रेष्ठ असा निधी आहे, त्या मार्गाने कामनाविरहित असे(निष्काम) ऋषीजन निश्चितच पुढे जातात.

* दयानंद वाणी *

परमेश्वर निराकार व सर्वव्यापक

परमेश्वर हा सर्वशक्तिमान व सर्वव्यापक असल्यामुळे जीवांना आपल्या व्याप्तीने वेदविद्येचा उपदेश करण्यात त्याला मुखादींची आवश्यकता नाही. कारण आपल्याहून वेगळ्या असलेल्या दुसऱ्या माणसाला बोध करण्यासाठी जिव्हा(जीभ) आदीद्वारा आणि वर्णोच्चाराची गरज असते. स्वतःसाठी काही त्यांची गरज नसते. कारण मुख आणि जीभ यांचा वापर न करताही मनामध्ये अनेक व्यवहारांचे चिंतन आणि शब्दोच्चार होत असतात. कानामध्ये बोटे घालून पाहा! मुख, जिव्हा, टाळू आदी स्थानांचे कसे-कसे शब्द होत आहेत. याच पद्धतीने जीवांना अंतर्यामी रूपाने उपदेश केला आहे. मात्र केवळ इतरांना समजावून सांगण्यासाठी शब्दांचा उच्चार करण्याची आवश्यकता आहे. परमेश्वर निराकार आणि सर्वव्यापक आहे. तो आपल्या अखिल वेदविद्येचा उपदेश जीवस्थ स्वरुपाने जीवात्म्यामध्ये व्यक्त करतो. मग तो माणूस आपल्या तोंडाने उच्चार करून इतरांना ऐकवितो. म्हणून ईश्वरामध्ये हा दोष येऊ शकत नाही. (सत्यार्थ प्रकाश-७ वा समुल्लास)

महर्षी दयानंद के ऐतिहासिक पुणे प्रवचन

महर्षी स्वामी दयानंद सरस्वती हे २० जून १८७५ रोजी पुणे येथे आले होते. न्यायमूर्ती म.गो. रानडे, महादेव मोरेश्वर कुंटे यांनी स्वामीजींना पुण्यात येण्याचे निमंत्रण दिले होते. ४ ऑगस्ट १८७५ पर्यंतच्या अडीच महिन्यात पुणे निवासात स्वामीजींची जवळपास ५० व्याख्याने या शहरात संपन्न झाली. पण यांपैकी १५ व्याख्यानेच उपलब्ध आहेत. श्री महादेव कुंटे व श्री गणेश जनार्धन अगाशे यांनी दररोज ही व्याख्याने मराठीत अनुवादित करून लिपिबद्ध केली व मराठी वाचकांसाठी ही उपलब्ध करून दिली होती. आता आम्ही सर्व वाचकांसाठी ही व्याख्याने दर महिन्यास या अंकात प्रकाशित करीत आहोत. - संपादक

'वेद' विषयक व्याख्यान

(उपदेश पाचवा - वेद विषयक व्याख्यान)

स्वामी दयानंद सरस्वती यांनी बुधवार पेठेतील भिड्यांच्या वाड्यात ता.१३ जुलै १८७५ रोजी रात्री ८ वा. 'वेद' या विषयावर दिलेल्या व्याख्यानाचा सारांश -

ओम् दृते दृंह् मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।
मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे।
मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।

(यजु.३६/१८)

आजच्या व्याख्यानाचा विषय 'वेद' हा आहे. तीन प्रकारे या विषयाचा विचार केला पाहिजे.

१. वेदाची उत्पत्ती कशी?
२. वेदाचा कर्ता कोण ? आणि
३. वेदाचे प्रयोजन काय?

परमेश्वर वेदाचा कर्ता आहे, वेद म्हणजे ज्ञान! वेद म्हणजे विद्या! ज्ञान किंवा विद्या हे सर्व सृष्टी पदार्थांमध्ये उत्तम आहे. ज्ञान हे सुखाचे कारण आहे. ज्ञानावाचून सुखकारक पदार्थही दुःखकारक होतो; कारण ज्ञानावाचून पदार्थाची योग्य योजना करता येत नाही. अनंत ज्ञान ईश्वराचे आहे म्हणून **'अनंता वै वेदाः।'** असे वचन आहे. अनंत ही त्याची संज्ञा आहे. अनंत ज्ञानसंपन्न परमेश्वर मनुष्याची योग्यता वाढविण्याकरिता व त्या थोरपदवीस चढविण्याकरिता सहज प्रवृत्त आहे व हा हेतु सफळ करण्याकरिता विद्येचा प्रकाश करतो, तो प्रकाश 'वेद' आहे. मनुष्य

ह्या अनंत ज्ञानाचा म्हणजे वेदज्ञानाचा योग्य अधिकारी आहे. ह्या ज्ञानाची उत्पत्ती मनुष्यापासून नाही.

आता ईश्वर जर साकार नाही तर त्याने वेदाचा प्रकाश कसा केला? असा प्रश्न उद्भवतो. तालु, जीभ, ओष्ठ ज्या अधिकरणी नाहीत, तेथून शब्दोच्चार कसा घडेल? यास उत्तर सोपे नाही. ईश्वर सर्वशक्तिमान आहे. मग सहजच मुखादी इंद्रियांची अपेक्षा संभवत नाही. शब्दोच्चारास संयोगादी कारणे अल्प शक्तीला लागतात. किंच–

अपाणिपादो जवनो ग्रहीता
पश्चत्यचक्षुः स शृणोत्यकर्णः।
स वेत्ति विश्वं न च तस्यास्ति वेत्ता
तमाहुरग्र्यं पुरुषं पुराणम्।।

(मुण्डकोपनिषद्) (श्वेताश्वतर उ.३/१९)

आपण सर्व कबूल करतो की हातांवाचून ईश्वराने सर्व सृष्टीची रचना केली, मग मुखावांचून वेदाची रचना का होणार नाही?

